# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.11.2024 समय : 0705


<><><><><><><><><>

1. सांसद बिष्णु पद रे ने उप–राज्यपाल से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन, दो हजार तेईस को लागू करने का अनुरोध किया।
2. राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा सी.आई.ई.टी.–एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से ई–सामग्री विकास पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
3. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत मध्योत्तर अण्डमान में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
4. श्री विजयपुरम में दो से सोलह दिसम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
5. पहाड़गांव पुलिस थाना ने गाराचरामा के एक बार में हत्या के प्रयास की घटना में शामिल सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

<><><><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने उप–राज्यपाल से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन, दो हजार तेईस को लागू करने का अनुरोध किया। द्वीपसमूह और देश के अन्य स्थानों पर मकान मालिकों और किरायेदारों के बीच विवाद को देखते हुए अपने पत्र में उन्होंने कहा कि मकान मालिकों और किरायेदारों दोनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए संसद में वर्ष दो हजार तेईस में एक नया विनियमन पारित किया गया था। इस विनियमन में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में किरायेदारी के लिए मकान मालिकों और किरायेदारों दोनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक कानूनी ढांचा बनाया गया। सांसद ने कहा कि द्वीपसमूह में अब तक इस विनियमन को लागू नहीं किया गया है। इसे देखते हुए सांसद ने द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन, दो हजार तेईस को जल्द से जल्द लागू करने के लिए आवश्यक अधिसूचना जारी करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा सीआईईटी–एनसीईआरटी के सहयोग से ई–सामग्री विकास पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन उप शिक्षा निदेशक, योजना एस सुरेश कुमार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने सीखने के परिणामों को बढ़ाने और सीखने के अंतराल को दूर करके शिक्षा को बदलने में डिजिटल सामग्री की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। आईसीटी के प्रशिक्षण और विकास विभाग की प्रमुख प्रोफेसर इंदु कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस ढांचे में प्रौद्योगिकी और आईसीटी एकीकरण पर समर्पित अध्यायों को शामिल करने पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के लिए सुलभ शिक्षण संसाधन के लिए दीक्षा, डी टी एच चैनल और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म के बारे में बताया। स्रोत अधिकारी डॉ. रेजाउल करीम बरभुइया और एन सी ई आर टी की संकाय सदस्य विमलेश चौधरी ने भी विशेष सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। इससे पहले, राज्य शिक्षा संस्थान की प्राचार्य संगीता चांद ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस तरह की क्षमता निर्माण पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी नौ शैक्षिक अंचलों के करीब पचास प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत संचारी एवं गैर–संचारी रोगों की रोकथाम में ग्राम पंचायत की भूमिका विषय पर मध्योत्तर अण्डमान में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अबिनी जैकब ने मौखिक और दंत स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। यह पहल सामुदायिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य सामुदायिक नेताओं को उनके अधिकार क्षेत्र में स्वास्थ्य चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ज्ञान और संसाधनों से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रधानों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में दो से सोलह दिसम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा और न्यायामूर्ति उदय कुमार मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से गैर–आवासीय निशुल्क योग और खो–खो कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी। सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जंगलीघाट में लड़के और लड़कियों के लिए तेईस दिसम्बर शाम तीन बजे से साढ़े चार बजे तक सभी कार्यदिवसों में कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिन बच्चों की जन्मतिथि एक जनवरी दो हजार दस या उसके बाद की है, वे इस शिविर में भाग ले सकते हैं। इस शिविर में योग ओलम्पियाड प्रतिस्पर्धात्मक पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता पाठ्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए विभिन्न आसनों की कक्षाएं ली जाएंगी। इच्छुक अभिभावक और शारीरिक शिक्षा शिक्षक अधिक जानकारी के लिए पी ई टी मोहम्मद इकबाल से फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों के लिए योग कक्षाएं आयोजित की जाएगी। यह शिविर नेताजी स्टेडियम परिसर में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में तीन दिसम्बर से सुबह पांच बजे से छः बजे और शाम पांच बजे से छः बजे तक चलेगी। इच्छुक प्रतिभागियों से अपना नाम नेताजी स्टेडियम के योग प्रशिक्षक के पास आज से जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में राज्य महिला सशक्तिकरण केन्द्र के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर लिंग विशेषज्ञ और अनुसंधान तथा प्रशिक्षण विशेषज्ञ के पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह तीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन फार्म गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में सात दिसम्बर शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों की सूची निदेशालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी जाएगी।

उधर, जी बी पंत अस्पताल नर्सिंग स्कूल में अंग्रेजी और कम्प्यूटर विषयों के लिए अनुबंध के आधार पर पी जी टी शिक्षकों के लिए सीधे साक्षात्कार रखा जाएगा। उम्मीदवार की आयु इक्कीस से साठ वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म ग्यारह दिसम्बर शाम तीन बजे तक स्कूल ऑफ नर्सिंग, जी बी पंत अस्पताल में जमा कर सकते हैं।

उम्मीदवारों को सीधे साक्षात्कार के लिए तेईस दिसम्बर सुबह दस बजे स्कूल ऑफ नर्सिंग, पुरानी ओ पी डी बिल्डिंग में उपस्थित रहने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

पहाड़गांव पुलिस थाना ने गाराचरमा में एक बार में हत्या के प्रयास की घटना में शामिल सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। चौबीस नवम्बर को बार मालिक, के. कुमार की शिकायत के आधार पर, मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, तेईस की रात को, तीन व्यक्तियों ने शराब पीने के बाद बार में हंगामा किया और पैसे देने से इनकार कर दिया, जिससे विवाद हुआ और बार कर्मचारियों पर हमला किया गया। अगली सुबह, ये व्यक्ति क्रिकेट बैट और डंडों से लैस अन्य लोगों के साथ बार में लौटे। उन्होंने बार मालिक और कर्मचारियों पर जान से मारने की नीयत से हमला किया, हमले के दौरान गंभीर चोटें पहुंची और संपत्ति को भी नुकसान पहुचाया गया। इस मामले मं पहाड़गांव थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास, की देखरेख में एक टीम गठित किया गया। जांच के दौरान सी सी टी वी फुटेज से सभी सात आरोपियों की पहचान करने में मदद मिली। यह पूरा अभियान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की निगरानी में किया गया।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपराज्यपाल की ओर से भारतीय तटरक्षक के अधिकारियों और जवानों को उनके अनुकरणीय साहस और कर्तव्यों के प्रति समपर्ण के लिए बधाई देते हुए उपराज्यपाल के ऑन द स्पोर्ट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने अपनी बडी खबर बनाया है। **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। कॉग्रेस कमेटी की ओर से संविधान दिवस मनाए जाने के समाचार को **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने सचित्र प्रकाशित किया है। आर जी टी पब्लिक स्कूल में विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** में जगह मिली है।

**<><><><><><><>**